देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 28 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
अड़ियल चीन



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 27 अप्रैल 2024



मौसम अधिकतम 34.0° न्यूनतम 22.0° | 74007.11 | 2 अमेरिका में भारतीय मूल की छात्रा गिरफ्तार | 7 आरसीबी के पास अब भी मौका

# बैलेट पेपर लूट–लूटकर करते रहे राज

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर विपक्ष पर हमलावर हुए पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अररिया। बिहार के चुनावी दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ईवीएम को लेकर सुप्रीम कोर्ट से की गई टिप्पणी पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना था कि बैलेट पेपर को लूट–लूटकर राज करने वाले अब ईवीएम को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने आईएनडीआईए के नेताओं पर भी आरोप लगाया। पीएम मोदी ने कहा कि ईवीएम को लेकर भ्रम फैलाया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के अररिया में आयोजित चुनावी सभा में कहा कि अररिया और सुपौल का ये स्नेह मेरे लिए बहुत बड़ी ऊर्जा है, बहुत बड़ी शक्ति है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपके इस कर्ज को उतारने के लिए मैं और ज्यादा मेहनत करूंगा और तीसरे कार्यकाल में आपके हित में, देश के हित में और ज्यादा बड़े फैसले देश लेने वाला है।

पीएम मोदी ने यह भी कहा कि आज दूसरे चरण का मतदान भी चल रहा है। ये लोकतंत्र का महापर्व है। मेरी सभी मतदाताओं से, विशेषकर युवा मतदाताओं से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट डालने के लिए जाएं। उन्होंने कहा कि गुलामी के लंबे कालखंड से पहले जब बिहार समृद्ध था, तब भारत एक महाशक्ति था। आज जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए चल पड़ा है, तो बिहार की भी इसमें बहुत बड़ी भूमिका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस के इंडी गठबंधन को न देश के संविधान की परवाह है और न ही लोकतंत्र की परवाह है। ये वो लोग हैं, जिन्होंने दशकों तक बैलेट पेपर के बहाने लोगों का, गरीबों का अधिकार छीना। पोलिंग बूथ लूट लिए जाते थे, बैलेट पेपर लूट लिए जाते थे।

वहीं इससे पहले मुंगेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाम लिए बिना कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा– कांग्रेस के शहजादे ने कहा है, देशभर में हर परिवार की कमाई का, प्रॉपर्टी का सर्वे करेंगे। भ्रष्टाचार करके लोगों को तबाह करने वाली कांग्रेस की बुरी नजर अब आपकी संपत्ति पर पड़ गई है।

### धर्म के आधार पर आरक्षण लाने की तैयारी

प्रधानमंत्री ने कहा– कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण लाना चाहते हैं। कांग्रेस ने कर्नाटक में एक मॉडल बनाया है। उन्होंने कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय के लोगों को ओबीसी वर्ग में शामिल कर दिया। ओबीसी को संविधान ने जो 27 प्रतिशत आरक्षण दिया है, उसमें से आरक्षण को काटकर मुस्लिमों को दे दिया। अब यही काम कांग्रेस पूरे देश में करना चाहती है।



### बैलेट पेपर वाला दौर वापस लौटकर नहीं आएगा: पीएम

इंडी गठबंधन के हर नेता ने ईवीएम को लेकर जनता के मन में संदेह पैदा करने का पाप किया है। लेकिन आज देश के लोकतंत्र और बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की ताकत देखिए, आज सुप्रीम कोर्ट ने मतपेटियों को लूटने का इरादा रखने वालों को ऐसा गहरा झटका दिया है कि उनके सारे सपने चूर–चूर हो गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने साफ–साफ कह दिया है कि बैलेट पेपर वाला पुराना दौर वापस लौटकर नहीं आएगा। आज जब पूरी दुनिया भारत के लोकतंत्र की, भारत की चुनाव प्रक्रिया की, चुनाव में टेक्नोलॉजी के उपयोग की वाहवाही करती है, तब ये लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए म्टड को बदनाम करने पर लगे पड़े थे। इन्होंने लोकतंत्र के साथ लगातार विश्वासघात करने की कोशिश की है।

### एनडीए सरकार में भारत की समृद्धि लौटाने की कोशिश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– मुंगेर की ये धरती स्वाभिमान की धरती है, विरासत की धरती है। इस क्षेत्र ने भारत की समृद्धि का वो दौर देखा है, जिसकी कल्पना तक मुश्किल हो जाती है। उन्हांने कहा कि आज एनडीए सरकार, भारत की वही समृद्धि लौटाने का प्रयास कर रही है और इस समय दुनिया भी जानती है कि ये समय भारत का समय है। उन्होंने कहा कि दुनिया को भी लगता है कि जितनी मजबूत सरकार भारत के लोग बनाएंगे, दुनिया को भी उतनी ही मजबूती मिलेगी। 10 साल में भारत की साख बढ़ी है, आज दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। आज दुनिया के हर देश में भारत के लोगों का गौरव बढ़ रहा है, भारत का सम्मान बढ़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### आग जैसी घटनाओं को रोकने को लोगों को करें जागरूक

**संवाददाता** देहरादून। डीएम सोनिका ने आज वनाग्नि एवं आगामी मानसून सत्र 2024 के संबंध में ऋषिपर्णा सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों को ग्राम स्तर पर बनाई गई फायर समिती एवं ग्राम प्रहरियों को वनाग्नि के दृष्टिगत सक्रिय रखने तथा महिला मंगल दलों से भी समन्वय रखने के निर्देश दिये।

### सीएम ममता की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। कलकत्ता हाई कोर्ट ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ अदालत की अवमानना का स्वतरूसंज्ञान मामला स्वीकार कर लिया है। अदालत ने वकील विकासरंजन भट्टाचार्य, अनिंद्य सुंदर दास और कौस्तब बागची द्वारा दायर तीन अलग–अलग याचिकाओं के आधार पर मामले को स्वीकार कर लिया।

# ईवीएम और वीवीपैट में किसी तरह की छेड़छाड़ संभव नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने बैलेट पेपर से मतदान कराने की मांग भी खारिज की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट से पर्ची मिलान को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। ईवीएम के साथ वीवीपैट का इस्तेमाल करके डाले गए वोटों के पूर्ण क्रास–सत्यापन की मांग करने वाली याचिकाओं को आज कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने इस संबंध में दायर कई जनहित याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया है। एसोसिएशन फार डेमेक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) संस्था और कुछ अन्य ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दाखिल कर वीवीपैट पर्चियों का ईवीएम से 100 प्रतिशत मिलान की मांग की थी।

कोर्ट ने इसी के साथ कहा कि उम्मीदवार नतीजों के 7 दिनों के भीतर ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर के सत्यापन के लिए शुल्क का भुगतान करके दौबारा काउंटिंग की मांग कर सकता है। इसी के साथ कोर्ट ने बैलेट पेपर से चुनाव की मांग भी खारिज की।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले में दो सहमति वाले फैसले सुनाये। फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि अदालत ने सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिनमें चुनावों में मतपत्रों का सहारा लेने की मांग करने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। चुनाव आयोग ने पीठ के समक्ष कहा था कि ईवीएम और वीवीपैट में किसी तरह की छेड़छाड़ संभव नहीं है।

आयोग ने मशीनों की सुरक्षा, उन्हें सील करने और उनकी प्रोग्रामिंग के बारे में भी शीर्ष कोर्ट को अवगत कराया था, लेकिन इसके बावजूद भी जब एडीआर की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने इनसे छेड़छाड़ की आशंका जताई तो पीठ ने कहा था कि क्या सिर्फ संदेह के आधार पर कोर्ट ईवीएम के बारे में आदेश दे सकता है जबकि इसका कोई ठोस सबूत भी नहीं है।

### ये सुझाव भी दिया

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को सुझाव देते हुए कहा कि वो देखे कि क्या वीवीपैट पर्चियों पर बार कोड लगाए जा सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि इससे वीवीपैट पर्चियों को स्वचालित रूप से गिनती मशीन द्वारा गिना जा सकेगा।

# डरे हुए नरेंद्र मोदी कभी भी रो पड़ेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देशभर में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी जारी है और इस बीच पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच आरोप–प्रत्यारोपों का दौर भी जारी है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं और इस वजह से किसी भी मंच पर आंसू बहा सकते हैं। कर्नाटक के विजयपुरा मे राहुल गांधी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आपने प्रधानमंत्री के संबोधनों को सुना है, तो आपको लगा होगा कि वह डरे हुए हैं। राहुल ने संभावना जताई कि पीएम किसी भी मंच पर आंसू बहा सकते हैं।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री पर अलग अलग माध्यमों से जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी आपका ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। कभी वह चीन तो कभी पाकिस्तान के बारे में बातें करते हैं, कभी आपको थालियां बजाने को कहते हैं तो कभी आपको आपके मोबाइल फोन की लाइट जलाने को कहते हैं। इस तरह से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिशें हो रहीं हैं।

### पलटवार

- प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर बरसे राहुल गांधी

### कांग्रेस सत्ता में लौटी तो खत्म होगी अग्निवीर योजना'

राहुल ने युवाओं से वादा किया कि अग्निवीर योजना को भी खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि अग्निवीर योजना में 18 से 21 साल के युवाओं को तीन साल तक सेना में काम करने का मौका दिया जा रहा है। इस तरह से पीएम मोदी ने युवाओं से सेना की नौकरी छीनी है, जो कि भारतीय सेना और सैनिकों का अपमान है। उन्होंने कहा कि इस वजह से इस योजना का खत्म होना जरूरी है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# यूपी में दूसरे चरण के मतदान में जबरदस्त गिरावट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में शुक्रवार को लोकसभा के दूसरे चरण की वोटिंग हुई। 13 राज्यों की 88 सीट के मतदाताओं ने सुबह से कतार में लगकर वोट डाले। शाम 6 बजे वोटिंग खत्म हो गई। हालांकि, वोटिंग खत्म होने के बाद भी कतार में लगे मतदाताओं को मतदान करने दिया गया।

यूपी में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान में जबरस्त गिरावट आई है। पहले फेज से भी बेहद कम वोटिंग हुई है। कुछ सीटों पर तो 50 प्रतिशत का भी आकड़ा पांच बजे तक पार नहीं हो सका था। पहले चरण में जहां 57 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई थी आज दूसरे चरण में 53 प्रतिशत मतदान भी नहीं हो सका है। वहीं जम्मू सीट पर दोपहर तीन बजे तक 57.76 फीसदी मतदान हुआ है। रियासी पर 64.18 प्रतिशत वोटिंग हुई है। वहीं बाहू क्षेत्र में सबसे कम 49.31 फीसदी वोटिंग हुई है। जम्मू ईस्ट में 53.33 फीसदी वोटिंग हुई है। वहीं जम्मू वेस्ट में 50.17 फीसदी मतदान हुआ है। बंगाल में तेजी से हो रही वोटिंग, शाम 5 बजे तक हुआ 71.84 फीसद से ज्यादा मतदान हुआ।

### पहले फेज से भी पांच प्रतिशत कम वोटिंग

## न्यूज डायरी



### बाइडन ने भारत की तीन कंपनियों पर लगाया बैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका ने ईरानी सेना के साथ कारोबार करने वाली एक दर्जन से अधिक कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन कंपनियों में भारत की भी तीन कंपनियां शामिल हैं। इसी के साथ कुछ व्यक्तियों पर भी ये प्रतिबंध लगाए गए हैं। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा कि इन कंपनियों ने यूक्रेन युद्ध में रूस की मदद के लिए ईरानी मानव रहित हवाई जहाजों (यूएवी) की गुप्त बिक्री को सुविधाजनक बनाने और वित्तपोषण करने में अहम भूमिका निभाई है। अमेरिका ने कहा कि सहारा थंडर को मुख्य अग्रणी कंपनी के रूप में पहचाना गया है जो ईरान की मदद कर रही थी और इसमें तीन भारतीय कंपनियां साथ दे रही थीं। उन तीन कंपनियों में जेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। ईरानी सैन्य ईकाई सहारा थंडर एक विशाल शिपिंग नेटवर्क पर निर्भर है जो ईरान के रक्षा और सशस्त्र बल रसद मंत्रालय (एमओडीएएफएल) की ओर से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना, रूस और कई न्यायालयों में ईरानी वस्तुओं की बिक्री और शिपमेंट में शामिल है। सहारा थंडर ने कुक आइलैंड्स–ध्वजांकित जहाज CHEM के लिए भारतीय कंपनी जेन शिपिंग और पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक अनुबंध किया था, जिसका प्रबंधन और संचालन संयुक्त अरब अमीरात स्थित सेफ सीज शिप मैनेजमेंट FZE द्वारा किया जाता है।

### अमेरिका ने चलाया डंडा तो बौखलाया पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम राइसी का जोरदार स्वागत करने वाले पाकिस्तान पर अमेरिका बुरी तरह भड़क गया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने मानवाधिकारों के हालात को लेकर पाकिस्तान को जमकर फटकार लगाई है। इसके बाद पाकिस्तान का विदेश मंत्रालय बौखला गया है और उसने अमेरिका पर अप्रत्याशित हमला बोला है। पाकिस्तान ने मानवाधिकार पर अमेरिका की रिपोर्ट को अनुचित, गलत सूचना पर आधारित और जमीनी हालात से पूरी तरह से हटकर करार दिया है। पाकिस्तान ने कहा कि अमेरिकी रिपोर्ट गलत तथ्य पर आधारित है। पाकिस्तान ने कश्मीर और गाजा का जिक्र करके कहा कि अमेरिका दोहरा रवैया अपना रहा है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह रिपोर्ट निष्पक्षता में कमी को दिखाता है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने अमेरिका के कथित दोहरे चरित्र की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह बहुत ही चिंताजनक है कि इस रिपोर्ट में गाजा और कश्मीर के मानवाधिकारों के हालात को या तो अनदेखा किया गया है या फिर कम करके दिखाया गया है। पाकिस्तान ने दावा किया गाजा और कश्मीर मानवाधिकारों के उल्लंघन के अरजेंट हॉट स्पॉट बन गए हैं। पाकिस्तानी प्रवक्ता ने कहा कि यह रिर्पोट पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है।

### वाशिंगटन में सुको ने शुरू की प्रेसिडेंसियल इम्युनिटी मामले की सुनवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयार्क। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुरे फंस गए हैं। पॉर्न स्टार को धन देने के मामले की सुनवाई में शामिल होने के लिए वह न्यूयार्क में हैं। इस बीच, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट वाशिंगटन में इस बात पर बहस सुन रहा है कि राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के लिए उन्हें अभियोजन से छूट दी जानी चाहिए या नहीं। उन्होंने उस दिन के लिए अपने आपराधिक मुकदमे की सुनवाई से बाहर रहने के लिए अपील की थी, ताकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में शामिल हो सकें, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली। ट्रंप ने कहा कि आज एक बड़ा मामला सुनवाई के लिए था, लेकिन न्यायाधीश ने मुझे जाने के लिए छूट नहीं दी। उनके अनुरोध को न्यूयार्क के राज्य सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जुआन मर्चन ने अस्वीकार कर दिया। वह गुप्त धन मामले की सुनवाई कर रहे हैं। न्यायाधीश मर्चन ने ट्रंप के वकील टाड ब्लैंच से पिछले हफ्ते कहा था कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के सामने बहस करना बड़ी बात है। मैं निश्चित रूप से इसकी सराहना कर सकता हूं कि आपका मुवक्किल वहां क्यों रहना चाहेगा, लेकिन न्यूयार्क राज्य के सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा भी बड़ी बात है।

# सुप्रीम लीडर खुमैनी के करीबी मौलवी ने पैगंबर पर की अपमानजनक टिप्पणी

## देश के कई संगठनों और मौलवियों ने जताया एतराज

हंगामा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेहरान। ईरान में प्रभावशाली मौलवी अलीरजा पनाहियान के कथित तौर पर पैगंबर मुहम्मद के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने का मामला तूल पकड़ रहा है। ऐसे आरोप लग रहे हैं कि सुप्रीम लीडर खुमैनी के करीबी होने की वजह से पनाहियान पर कार्रवाई नहीं हो रही है। ईरान में पैगंबर मुहम्मद के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने पर पांच साल तक की जेल हो सकती है। इस महीने की शुरुआत में मौलवी पनाहियान पर ऐसा ही आरोप लगा लेकिन उन पर कार्रवाई के नाम पर चुप्पी है। इस पर ईरानी सरकार के दोहरे मानदंड की ओर इशारा किया। लोगों का मानना है कि सरकार से करीबी के चलते मौलवी पनाहियान को दंडित नहीं किया गया। मिडिल ईस्ट आई की रिपोर्ट के



अनुसार, राज्य टीवी पर एक राजनीतिक टिप्पणी के दौरान पनाहियान ने कहा था कि पैगंबर ने ना तो अपने लिए और ना ही इमाम अली के लिए कोई दोस्त रखा था। इस मामले में ऐसा लगता है कि वह एक अप्रिय शख्स थे। पनाहियान की टिप्पणी पर काफी आक्रोश दिखा और उनकी निंदा की गई। उपदेशक हुसैन अंसारियन ने पनाहियान की निंदा करते हुए कहा कि क्या पैगंबर अप्रिय थे? क्या पैगंबर के लिए ऐसा कहने से ज्यादा अपमानजनक कुछ और हो सकता है।

सरकारी टीवी पर मंसूर अर्जी के पनाहियन की कठोर आलोचना के बाद प्रसारण बंद कर दिया गया था। हंगामे के बाद पनाहियान ने अपनी टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा कि वह उनके बोल नहीं थे बल्कि पैगंबर के बारे में ईर्ष्यालु लोगों ने जो कहा था उसका जिक्र कर रहे थे। पनाहियान ने माफी भी जारी की है। माफी के बावजूद लोगों में एक गुस्सा है। लोगों का कहना है कि ये दोहरा मानदंड है। अगर कोई सुधारवादी पैगंबर मुहम्मद का अपमान करता तो उसे तुरंत जेल भेज दिया जाता। वहीं दूसरी ओर आपत्तिजनक टिप्पणियों के बावजूद पनाहियान राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के साथ बैठक कर रहे हैं।

59 साल पनाहियन को ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खुमैनी के पसंदीदा मौलवियों में से एक माना जाता है। 2009 में उन्होंने राष्ट्रपति चुनावों के बाद ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के करीबी एक राजनीतिक–धार्मिक संगठन अम्मार बेस थिंक टैंक की सह–स्थापना की। पनाहियान अपने विवादित बयानों के लिए भी जाने जाते हैं। 2013 में उन्होंने 2009 के प्रदर्शनकारियों को इस्लामिक स्टेट आतंकवादी समूह का समर्थक कहते हुए फांसी की सजा देने की मांग की थी।

## ब्रह्मोस से तीसरे देश को कोई नुकसान नहीं होना चाहिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। भारत की ओर से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की डिलीवरी फिलीपींस को मिलने के बाद चीन की बौखलाहट सामने आई है। फिलीपींस को ऐसे समय भारत से मिसाइल सिस्टम की डिलीवरी मिली है, जब उसका बीजिंग के बीच साउथ चाइना सी में तनाव है। फिलीपींस को मिसाइल की पहली खेप पहुंचने के एक हफ्ते बाद चीनी सेना की ओर से इस पर बयान दिया गया है। भारत द्वारा फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की डिलीवरी पर हुए सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए चीनी सेना के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग में इस बात का ख्याल रखा जाए कि इससे किसी तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचे। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सीनियर कर्नल वू कियान ने कहा, चीन हमेशा मानता है कि दो देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग से किसी तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को खतरा नहीं होना चाहिए। वू ने दक्षिण चीन सागर विवाद में चीन और फिलीपींस के बीच बढ़ती शत्रुता के बीच इस महीने फिलीपींस में मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें तैनात करने के लिए अमेरिका की तीखी आलोचना की है।



अमेरिका के विश्वविद्यालयों में हिंसक हुआ फलस्तीन समर्थकों का प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑस्टिन। इजरायल–हमास युद्ध के खिलाफ अमेरिका के विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया है। कई विश्वविद्यालयों में प्रदर्शनों को खत्म करने के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा। प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़पे हुई हैं। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लॉस एंजिल्स पुलिस ने कहा कि दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प के बाद पुलिस ने बुधवार रात 93 लोगों को गिरफ्तार किया। रॉयटर्स के अनुसार, दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय ने अपने परिसर को बंद करने की घोषणा की है। ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने दर्जनों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया था।

# गाजा युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन पर अमेरिका में भारतीय मूल की छात्रा गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■इजरायल का विरोध करते हुए फलस्तीन का समर्थन करने पर हुई कार्रवाई

■अचिंत्या को प्रिंसटन यूनिवर्सिटी ने बैन किया

न्यूयॉर्क। अमेरिका में एक भारतीय छात्रा को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस छात्रा पर आरोप है कि उसने इजरायल का विरोध करते हुए फलस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया था। ये भारतीय मूल की महिला छात्रा अमेरिका के प्रतिष्ठित प्रिंसटन विश्वविद्यालय में पढ़ती हैं। इस छात्रा के साथ एक और छात्र को पकड़ा गया है।

विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि ये छात्रा तमिलनाडु के कोयंबटूर में जन्मी अचिंत्य शिवलिंगन है, जिसपर अब अनुशासनात्मक कार्रवाई भी हुई है। छात्रा को यूनिवर्सिटी ने बाहर निकाल दिया है। लगभग 100 ग्रैजुएट छात्रों ने मैककॉश कोर्टयार्ड में धरना शुरू किया था, जो देश भर में फलस्तीन समर्थक धरने की कवायद शुरू कर रहे थे। प्रदर्शनकारी छात्र मांग कर रहे हैं कि कॉलेज इजराइल के साथ अपने वित्तीय संबंध तोड़ दें और उन कंपनियों से अलग हो जाएं जो गाजा में युद्ध को बढ़ावा दे रही हैं।

बता दें कि मैककॉश कोर्टयार्ड में छात्रों के नेतृत्व वाले फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने कैंप लगाया था। प्रिंसटन एलुमनी वीकली ने एक रिपोर्ट में कहा कि विश्वविद्यालय के अधिकारियों की चेतावनी के बाद, प्रिंसटन के दो छात्रों को गिरफ्तार किया गया है।

दो छात्रों, अचिंत्य शिवलिंगम जीएस और हसन सैयद जीएस को पहले टेंट लगाने के छह मिनट के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता जेनिफर मॉरिल ने बताया कि दो स्नातक छात्रों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हुई है और उन्हें परिसर से प्रतिबंधित कर दिया गया है। मॉरिल ने कहा कि गिरफ्तारी करते समय सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कोई बल प्रयोग नहीं किया गया।

### भड़काऊ भाषण देने पर इमरान को कोर्ट की फटकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी पर पाकिस्तानी सेना और अन्य राजकीय संस्थानों व अधिकारियों के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने पर फटकार लगाई। इसके साथ ही पूर्व पीएम और उनकी पत्नी को दोबारा भड़काऊ भाषण नहीं देने की हिदायत दी। पूर्व प्रधानमंत्री ने पंजाब पुलिस पर धांधली में शामिल होने का आरोप लगाते हुए कहा था कि कि पूर्व नियोजित धांधली के कारण पंजाब में उपचुनाव प्रभावित हुए हैं। जस्टिस बशीर जावेद राणा ने निष्पक्ष सुनवाई की मांग करने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि मीडिया को अपनी रिपोर्टिंग को अदालती कार्यवाही तक सीमित रखना चाहिए और आरोपितों के बयान पर रिपोर्ट नहीं बनानी चाहिए। आदेश में कहा कि इस तरह के बयान न्यायिक कार्यों में भी बाधा डालते हैं।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# जंगलों में आग लगाने वालों पर वन विभाग की सख्त कार्रवाई

कार्रवाई

## मौके से पकड़े गए तीन लोगों पर मुकदमा, इस वर्ष कुल 19 मुकदमें दर्ज

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। जनपद में वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग लगातार प्रयासरत है। विभाग ने जंगल में वनाग्नि को बुझाने के लिए अलग– अलग टीमें गठित की हैं। वहीं आग लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। शुक्रवार को तीन लोगों को जंगल में आग लगाने पर मौके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

प्रभागीय वनाधिकारी, रुद्रप्रयाग के नेतृत्व में गठित वनाग्नि सुरक्षा दल द्वारा नरेश भट्ट पुत्र मोलाराम भट्ट को जंगल में आग लगाते हुए तड़ियाल गांव, तहसील–जखोली से मौके पर पकड़ा गया। अभ्युक्त का कहना है कि बकरियों को नयी घास हेतु उसने जंगल में आग लगायी। मौके पर वन क्षेत्राधिकारी, दक्षिणी जखोली द्वारा अपराधी को हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी तथा भारतीय वन अधिनियम 1927 के



अन्तर्गत वन अपराध दर्ज किया गया। वहीं उत्तरी जखोली के डंगवाल गांव में हेमन्त सिंह पुत्र उदय सिंह एवं भगवती लाल पुत्र चंदरू लाल को जंगल में आग लगाते हुए मौके पर पकड़कर जेल भेजा गया।

प्रभागीय वनाधिकारी रुद्रप्रयाग अभिमन्यु ने बताया कि जंगल में आग लगाने अपराधियों के विरुद्ध वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत अपराध दर्ज कर दण्डित किया जाएगा। अपराधियों को पकड़ने के लिये प्रभाग स्तर पर वनाग्नि सुरक्षा दल गठित किया गया है। अभी तक इस वर्ष कुल 19 मुकदमें दर्ज किये गये है जिसमें से 3 मुकदमें नामजद है तथा 16 मुकदमों में जांच गतिमान है। वनाग्नि क्रू–स्टेशन एवं मोबाईल क्रू–स्टेशन के द्वारा वनाग्नि नियंत्रण किया जा रहा है साथ ही उडनदस्ता दल द्वारा समस्त रेंजों में सेटेलाईट, कैमरों एवं दूरबीन के माध्यम से अपराधियों को पकड़ने का कार्य किया जा रहा है। वनाग्नि रोकथाम वन विभाग के प्रयासों के साथ–साथ जन सहभागिता एवं जनभागीदारिता आवश्यक है।

वनाग्नि सुरक्षा दल में उप प्रभागीय वनाधिकारी देवेन्द्र सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी पवन नेगी, उप प्रभागीय वनाधिकारी मोहन सिंह, उप वन क्षेत्राधिकारी दक्षिणी जखोली केसी नैनवाल, वन आरक्षी सुरजन सिंह नेगी तथा अन्य सदस्य मौजूद थे।

## न्यूज डायरी :

### समूह ग भर्ती परीक्षा को 17 परीक्षा केन्द्र बनाए गए

**संवाददाता** चमोली। उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा 27, 28 एवं 29 अप्रैल को प्रयोगशाला सहायक (समूह ग) भर्ती परीक्षा 2023 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए जनपद में 17 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट हिमांशु खुराना के आदेशों के क्रम में जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु परीक्षा केन्द्र की 200 मीटर की परिधि में दिनांक 27 अप्रैल प्रातः 7 बजे से 29 अप्रैल सायं 5 बजे तक धारा 144 लागू रहेगी। इस दौरान परीक्षा केन्द्र की 200 मीटर की परिधि के अन्तर्गत 5 से अधिक व्यक्तियों के एक स्थान पर एकत्रित होने, जुलूस, झांकी, प्रदर्शन व लाउडस्पीकर के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा एवं प्रिंट एवं फोटो स्टेट की दुकाने पूर्णतया बंद रहेंगी। परीक्षा केन्द्र में किसी प्रकार का साहित्य, प्रेस नोट, पम्पलेट, पोस्टर बैनर आदि न लगाए जाएंगे और ना ही बांटे जाएंगे। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन,पेजर, पाठय सामग्री ले जाने के अनुमति नहीं होगी।

### वनाग्नि रोकने को सरकार के पास न संसाधन न विजनः आर्य

**संवाददाता** हल्द्वानी। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने उत्तराखंड में लगातार बढ़ रही वनाग्नि पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा जंगलों की आग पर्यावरण के लिहाज से हानिकारक है। अप्रैल में ही स्थितियां इतनी भयावह हो गई है कि राज्य में सैकड़ों हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो गए और शेष पर खतरा मंडरा रहा है। आर्य ने आरोप लगाया है कि वनाग्नि रोकने को लेकर प्रदेश सरकार के पास न ही पर्याप्त संसाधन हैं और न ही कोई विजन है। मीडिया को जारी बयान में यशपाल आर्य ने कहा कि प्रदेश का वन विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग इस मामले में कहीं नहीं दिखता है। अमूल्य वन संपदा के साथ ही वन्यजीव, वनस्पतियां, जल स्रोत और ग्लेशियर भी भीषण दावानल से संकट में हैं। आग ग्रामीण रिहायशी इलाकों तक पहुंचने से ग्रामीणों को मवेशियों का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### केविनकेयर और फ्रीडम ट्रस्ट ने मिलकर चिक वॉक इंडिया कैम्पेन 2024 का आयोजन किया

**संवाददाता** हरिद्वार। चिक, एफएमसीजी दिग्गज केविनकेयर के एक मशहूर हेयर केयर ब्राण्ड, ने फ्रीडम ट्रस्ट के साथ भागीदारी में आज शहर में 9वें चिक वॉक इंडिया 2024 कैम्पेन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, हरिद्वार के भीतर और आस–पास के 100 लाभार्थियों में से हर एक के लिये निजी तरीके से बनाये गये कृत्रिम अंग दान किये गये। यह अंग उन्हें मुख्य अतिथि केविनकेयर की चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर सुश्री आनंदा शालिनी और फ्रीडम ट्रस्ट की एक्जीक्यूटिव बोर्ड मेंबर सुश्री ऊषा भारद्वाज की मौजूदगी में लगाये गये।

# 11 स्थानों पर की जा रही है नई पार्किंग तैयार

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने अवगत कराया है कि श्री केदारनाथ यात्रा को सुगम एवं सुव्यवस्थित करने के लिए यात्रा मार्ग से लेकर केदारनाथ धाम तक संबंधित विभागों द्वारा अपनी–अपनी तैयारियां एवं व्यवस्था तत्परता से की जा रही हैं। जिससे कि केदारनाथ धाम में दर्शन करने आने वाले तीर्थ यात्रियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सके।

उन्होने कहा कि यात्रा मार्ग में जाम की स्थिति न हो इसके लिए इस वर्ष रुद्रप्रयाग से गौरीकुण्ड तक 11 स्थानों को चिन्हित करते हुए नई पार्किंग तैयार की जा रही है, जिसमे लगभग 460 वाहनों की व्यवस्था रहेगी। उन्होने कहा कि सभी पार्किंग के लिए एक ऐप विकसित किया जा रहा है जिसके माध्यम से क्षमता के अनुसार वाहनों को निर्धारित पार्किंग पर रखने की कार्यवाही की जायेगी।

जनपद में प्रमुख पर्यटन मार्गो पर स्थित सरकारी एवं अद्र्वसरकारी भवनों की दीवारों तथा आवश्यक स्थानों पर वाल पेंटिंगघ्यूरल, अध्यात्म से जुड़े स्लोगन आदि बनाकर खूबसूरत बनाये जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग में संचालित होने वाले घोड़े–खच्चरों के पंजीकरण हेतु रोस्टर के अनुसार पूर्ण जांच के उपरान्त कार्यवाही की जा रही है। यात्रा में घोड़े–खच्चरों की पहचान सुनिश्चित किये जाने हेतु डिवाइस का उपयोग किया जा रहा है।

# सड़कों पर पालतु जानवर छोड़ने वालों के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

**संवाददाता** हल्द्वानी। डीएम वंदना सिंह ने सड़कों पर पालतू जानवर छोड़ने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। पशु स्वामियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के प्रावधानों, पब्लिक न्यूसेंस, रोड सेफ्टी के नियमों तहत कार्रवाई होगी।

हल्द्वानी कैंप कार्यालय में डीएम ने शुक्रवार को जिला स्तरीय गोशाला समिति की बैठक की। उन्होंने अफसरों को नगर निगम क्षेत्र के साथ ही विकास खंडों में पशु छोड़ने वाले पशु स्वामियों खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। नगर निगम, पुलिस व उपजिलाधिकारी टीमों का गठन कर पशु छोड़ने वालों का चिह्नीकरण करने की बात कही। कहा कि अस्थाई गोशाला संचालन को संस्था व गोशाला चलाने वालों लोगों को एक माह के ट्रायल के तौर पर रखा जाए।

अधिकारी गोशाला के संचालन की

डीएम ने जिला स्तरीय गोशाला समिति की बैठक की

नियमित मॉनिटरिंग करेंगे। जो संस्था गोशाला में रखे गये पशुओं के रखरखाव सर्वोच्च पाई जाती हो उसे प्राथमिकता दी जाएगी। बताया कि गंगापुर कबडवाल में गोशाला निर्माण को धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। अधिकारियों को जुलाई तक गोशाला का संचालन शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोशालाओं की नियमित मॉनिटरिंग कर अनियमितता पाए जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. डीसी जोशी, डॉ. पीएस ह्यांकी, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, रेखा कोहली, विपिन पंत, राहुल साह, केएन गोस्वामी, डीडीओ गोपाल गिरी, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, डॉ. आरके टंडन मौजूद रहे।

# जनपद में 09 केंद्रों पर होगी प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। प्रयोगशाला सहायक उच्च शिक्षा (समूह–ग) की लिखित परीक्षा 2023 के लिए जनपद में तैयारियां पूरी हो गई हैं। दिनांक 27 अप्रैल, 2024, 28 अप्रैल एवं 29 अप्रैल, 2024 को परीक्षा के लिए 09 केंद्र बनाए गए हैं। उप जिलाधिकारी आशीष चन्द्र घिल्डियाल ने आदेश जारी कर बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों में धारा–144 प्रभावी रहेगी।

27 अप्रैल, 2024 को (प्रथम सत्र) पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 11:00 बजे तक तथा (द्वितीय सत्र) अपराह्न 02:00 बजे से 05:00 बजे तक एवं दिनांक 28 एवं 29 अप्रैल, 2024 को (प्रथम सत्र) 09:00 बजे से

सभी परीक्षा केंद्रों में प्रभावी रहेगी धारा–144

12:00 बजे तक एवं (द्वितीय सत्र) अपराह्न 02:00 बजे से 05:00 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा अवधि में धारा–144 प्रभावी रहेगी।

उन्होंने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु परीक्षा केंद्रों के बाहर व भीतर अनुशासनहीनता, धमकी, मारपीट तथा घातक आक्रमणों जैसी घटनाओं के साथ ही परीक्षार्थियों को अनुचित साधन के प्रयोग आदि के मध्यनजर जनपद रुद्रप्रयाग के परीक्षा केंद्र में धारा–144 को प्रभावी किया गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा अवधि में उक्त परीक्षा केंद्र में धारा–144 प्रभावी रहेगी तथा उल्लंघन करने पर विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

1. अटल उत्कृष्ट सच्चिदानन्द राजकीय इण्टर कालेज रुद्रप्रयाग, 2. राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रुद्रप्रयाग, 3. एमजीजी सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कालेज बेलनी रुद्रप्रयाग, 4. श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल तिलणी रुद्रप्रयाग, 5. राजकीय इण्टर कालेज रतूड़ा, 6. स्व. हरिदत्त बेंजवाल अटल उत्कृष्ट रा0इ0का0 अगस्त्यमुनि, 7. ए0बी0पी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि, 8. अनूप नेगी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गुलाबराय रुद्रप्रयाग, 9. राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि में परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

# किसानों को बीमा राशि दिलाने की मांग की

**संवाददाता** भीमताल। विधायक रामसिंह कैड़ा ने शुक्रवार को कृषि मंत्री गणेश जोशी से वार्ता कर भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ और भीमताल ब्लॉक के किसानों को आलू का बीमा दिलाने की मांग की। कैड़ा ने कहा क्षेत्र के किसान अपनी कृषि पर निर्भर हैं और अपनी आजीविका चलाते हैं। इस वर्ष बारिश और बर्फबारी नहीं होने से किसानों की फसल प्रभावित हुई है। पूर्व में किसानों ने अपनी फसलों का बीमा कराया। वहीं बीमा कंपनियों ने पिछले कई सालों से किसानों की क्षतिग्रस्त हुई आलू, फल आदि फसलों को बीमा नहीं दिया गया है। साथ ही बीमा की प्रीमियम राशि तक वापस नहीं की गई। जिससे किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते शुक्रवार को कृषि मंत्री गणेश जोशी से वार्ता कर किसानों की फसलों की बीमा राशि दिलाने की मांग की।



*कौन कहता है ईश्वर नजर नही आता , सिर्फ वही तो नजर आता है जब कोई नजर नही आता। -अज्ञात*



# अड़ियल चीन

**भारत का यह स्टैंड ऐसे समय सामने आया है, जब चीन ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर एक बार फिर से अड़ियल रवैया अपनाया है। वह पहले भी अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सीमा में कई जगहों के नाम बदल चुका है।**

गुलशन राय खत्री।।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के साथ सीमा विवाद को हल करने की जरूरत बताई है, जो कि बिल्कुल सही रुख है। दोनों देश पड़ोसी होने के साथ ही दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और ग्रोथ इंजन हैं। इसलिए किसी भी तरह के टकराव से दोनों का ही नुकसान है। ऐसे में पीएम मोदी का यह कहना सही है कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए भारत–चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध अहम हैं।

भारत का यह स्टैंड ऐसे समय सामने आया है, जब चीन ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर एक बार फिर से अड़ियल रवैया अपनाया है। वह पहले भी अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सीमा में कई जगहों के नाम बदल चुका है। चीन इस इलाके पर अपना दावा ठोकता रहा है और इस राज्य को जंगनान बुलाता है। भारत में इस समय लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार चल रहा है। ऐसे में विपक्ष भी चीन के साथ विवाद का मुद्दा उठा रहा है। विपक्ष का आरोप है कि चीन ने 2020 में हमारे हिस्से की जमीन पर कब्जा कर लिया, जबकि सरकार इसे बेबुनियाद आरोप बताती रही है।



भारत की पहल के बाद अब गेंद चीन के पाले में है। उसकी तरफ से कोई सकारात्मक कदम उठता दिखना चाहिए। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में चीन का रुख ऐसा नहीं रहा है, जिससे कोई आस बंधे। दोनों मुल्कों के मौजूदा संबंधों की बात करें, तो 2017 में डोकलाम विवाद के बाद से सीमा पर माहौल कभी सामान्य नहीं हो पाया। बल्कि, 2020 में गलवान में हुई झड़प ने स्थिति और बिगाड़ी ही है। भारत का स्पष्ट कहना है कि चीन पहले अपनी सेनाओं को पीछे करे, उसके बाद ही रिश्ते आगे बढ़ेंगे।

अब सवाल है कि भारत को लेकर चीन इतना आक्रामक क्यों है? बाकी पड़ोसियों के साथ तो उसने सीमा विवाद सुलझा लिया या फिर सुलझाने के करीब है, लेकिन भारत के साथ वह इस विवाद को हाल के वर्षों में और हवा दे रहा है। दरअसल, इसे चीन की विदेश नीति का हिस्सा कह सकते हैं। चीन के बाकी पड़ोसी उसके मुकाबले दुनिया में खड़े होने की हैसियत फिलहाल नहीं रखते, जबकि भारत तेजी से तरक्की कर रहा है। दुनिया भी मान रही है कि चीन का अगर कोई विकल्प हो सकता है, तो भारत ही। ऐसे में चीन सीमा विवाद को जिंदा रखकर हिंदुस्तान पर दबाव बनाए रखना चाहता है। इसी वजह से लद्दाख से लेकर अरुणाचल तक, वह कुछ न कुछ खुराफात करता रहता है।

हालांकि, बेहतर यही होगा कि चीन, भारत में शीर्ष स्तर से की गई इस पहल को स्वीकार कर ले और बातचीत के जरिए आपसी विवाद को सुलझाए। भारत के साथ किसी भी तरह का विवाद दोनों ही देशों के लिए ठीक नहीं होगा। वहीं, अगर दोनों के बीच शांतिपूर्ण संबंध बनते हैं तो उनकी तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## जल के छींटे




**अशोक वोहरा।** थोड़ी देर में दो तीन सौ लोगों की लाइन लग गई। सब नाना प्रकार की बीमारी वाले। संत जी ने कमल दास से कहा– चलो इन सबकी बीमारी को ठीक कर दो। कमल दास तो देख के चौंक गए। अरे, इतने सारे लोग हैं। इतने लोगों को कैसे ठीक करूं। यह मेरे बस का नहीं है। संत जी ने कहा– कोई बात नहीं। अब ये आए हैं तो निराश लौटाना ठीक नहीं। तुम बैठो। संत जी ने लोटे में जल लिया और राम नाम का एक बार उच्चारण करके छींट दिया। एक लाइन में खड़े सारे लोग ठीक हो गए। फिर दूसरी लाइन पर छींटा मारा वे भी ठीक। बस दो बार जल के छींटे मार कर दो बार राम बोला तो सभी ठीक हो के चले गए। संत जी ने कहा– अच्छी बात है कमल दास। हम भजन में आएंगे। पास के गांव में एक सूरदास जी रहते हैं। उनको भी जाकर बुला लाओ फिर सभी इक्ट्ठे होकर चलते हैं भजन में। शेष कल...

# संपादकीय

## सर्वश्रेष्ठ के आगे

उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड जैसे राज्यों में बीजेपी पिछले चुनाव में लगभग सर्वश्रेष्ठ चुनावी प्रदर्शन कर चुकी है। मोदी आंध्र, तमिलनाडु और केरल में खाता खोलने और दक्षिण में सीटें बढ़ाने की पूरी कवायद कर रहे हैं, पर जमीनी हालात अनुकूल नहीं। ऐसे में जबकि पुरानी सीटें घटने का खतरा है, 370 और 400 सीटों का नारा माहौल बनाने की रणनीति ज्यादा है। बेशक चुनाव में कई बार मुद्दों से ज्यादा माहौल निर्णायक साबित होता है। बीजेपी को माहौल बनाने में महारत भी हासिल है। उसके पास राम मंदिर, धारा–370 और तीन तलाक जैसे भावनात्मक मुद्दे हैं, लेकिन मुद्दों की कमी विपक्ष के पास भी नहीं। ऐसे में चुनाव परिणाम मुख्यतरू इस पर निर्भर करेंगे कि सत्तापक्ष और विपक्ष में से कौन अपने मुद्दों को ज्यादा प्रभावी ढंग से उठाते हुए माहौल बना सकता है। जाहिर है, जो दल तटस्थ हैं, वे चुनाव परिणाम के बाद अपनी सुविधा के अनुसार ही राह चुनेंगे, क्योंकि राजनीति में कोई स्थायी मित्र या शत्रु तो होता नहीं।

बीजेपी की अगुआई वाले एनडीए। ने मोदी सरकार की 'हैट्रिक' का नारा देते हुए 370 और 400 सीटों का लक्ष्य भी घोषित कर दिया है। मगर दस साल की सत्ता के बाद भी छोटे-छोटे दलों पर डोरे डालना प्रतिकूल संदेश दे रहा है।

# कुनबा बढ़ाने की मजबूरी

राज कुमार सिंह।।

सत्ता के दावेदारों के दावे अपनी जगह हैं, पर नई सरकार के बारे में भविष्यवाणी करना इस बार उतना आसान नहीं, जितना पिछले दो चुनावों में था। बेशक, सत्तारूढ़ एनडीए के पास दस साल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में लोकप्रिय चेहरा है। बीजेपी की अगुआई वाले एनडीए। ने मोदी सरकार की 'हैट्रिक' का नारा देते हुए क्रमशः 370 और 400 सीटों का लक्ष्य भी घोषित कर दिया है। मगर दस साल की सत्ता के बाद भी छोटे–छोटे दलों पर डोरे डालना प्रतिकूल संदेश दे रहा है।

एनडीए 26 साल पहले अटल बिहारी वाजपेयी के समय बना था। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अकेले दम बहुमत मिलने के बावजूद केंद्र में एनडीए की ही सरकार बनाई, लेकिन उसका महत्व पिछले साल इंडिया बनने के बाद ज्यादा दिखा। घटक दलों की संख्या में इंडिया को पीछे छोड़ने के लिए एनडीए का कुनबा भी बढ़ाया गया। इस खेल में संसद में नाममात्र की उपस्थिति या बिना उपस्थिति वाले दलों को भी साथ लेने में संकोच दोनों में से किसी गठबंधन ने नहीं किया। क्या इससे यह संकेत नहीं मिलता कि लोकसभा चुनाव में मुकाबला इतना कड़ा हो सकता है कि दो–चार प्रतिशत वोट रखने वाले दल–नेता भी महत्वपूर्ण साबित हों?



सवाल यह है कि 2019 लोकसभा चुनाव में विभाजित विपक्ष के बीच और मोदी की लोकप्रियता के चरम पर भी बीजेपी बहुमत के लिए जरूरी संख्या से मात्र 31 सीटें ज्यादा जीत पाई और पूरा एनडीए 81 सीटें ज्यादा जुटा पाया, तो 2024 के चुनाव में 370 और 400 का लक्ष्य कैसे मुमकिन होगा? ध्यान रहे, जिन राज्यों में पिछले चुनाव में बीजेपी और एनडीए ने शानदार प्रदर्शन किया था, वहां इस बार समीकरण गड़बड़ाया हुआ है। 48 लोकसभा सीटों वाले महाराष्ट्र से पिछली बार एनडीए ने 41 सीटें जीती थीं। राज्य में सरकार के नेतृत्व को लेकर हुई तकरार के बाद अब दोनों अलग–अलग पाले में हैं। शिवसेना में विभाजन के बाद राज्य में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार गिर गई। बाद में एनसीपी भी टूट गई। दोनों दलों से बगावत करने वाले गुट अब बीजपी के साथ एनडीए में हैं। उनके सहारे पुराना प्रदर्शन दोहरा पाने का भरोसा होता तो बीजेपी राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना से गठबंधन की कोशिश नहीं करती।

42 सीटों वाले पश्चिम बंगाल में पिछली बार बीजेपी ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को टक्कर देते हुए 18 सीटें जीती थीं। विपक्षी गठबंधन इंडिया गठबंधन बनने के बावजूद तृणमूल सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है। तृणमूल, बीजेपी और कांग्रेस–वाम मोर्चा के बीच दिलचस्प त्रिकोणीय चुनावी मुकाबले में बीजेपी पर सीटें बढ़ाने से ज्यादा बचाने का दबाव रहेगा, क्योंकि ममता सरकार से नाराज वोटरों के लिए बीजेपी से इतर भी एक विकल्प उपलब्ध होगा। तृणमूल और कांग्रेस–वाम मोर्चा अलग लड़कर भी जो सीटें जीतेंगे, वे चुनाव के बाद बीजेपी विरोधी खेमे में ही रहेंगी।

## अष्टयोग-5050

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 2 | 4 | 1 | | |
| | 33 | | 23 | | 33 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | | | 4 | 5 |
| | 42 | | 29 | | 25 | |
| | | 5 | | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 37 | 7 | 38 | | 33 | |
| | 2 | | 4 | | | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5049 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 2 | 30 | 7 | 31 | 4 | 34 | 2 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 3 | 30 | 5 | 32 | 7 | 34 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### रामविलास की कमी

**मोहन।** 40 सीटों वाले बिहार में पिछली बार एनडीए ने 39 सीटें जीत कर लगभग क्लीन स्वीप किया था। नीतीश कुमार फिर पाला बदल कर छक। में लौट चुके हैं, पर रामविलास पासवान की कमी कौन पूरी करेगा, जिनकी लोक जनशक्ति पार्टी ने छह सीटें जीती थीं? रामविलास के निधन के बाद एलजेपी भाई और बेटे की बीच बंट गई। पांच सांसदों के नेता के रूप में भाई पशुपति पारस को बीजेपी ने केंद्र में मंत्री भी बना दिया था, लेकिन अब सीट बंटवारे में बेटे चिराग पर दांव लगाया है। दोनों में से कौन–सा फैसला गलत था– चुनाव परिणाम बताएंगे, लेकिन एलजेपी के लिए 39 सीटें जीत खासा मुश्किल होगा। आंध्र में तो बीजेपी चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी को एनडीए में वापस लाने में सफल रही, लेकिन ओडिशा में नवीन पटनायक और पंजाब में सुखबीर सिंह बादल ने फिर दोस्ती करने से इनकार कर दिया है।






## निरहुआ और आम्रपाली दुबे की नई फिल्म संयोग का ट्रेलर रिलीज

भोजपुरी फिल्मों की सुपरहिट जोड़ी यानी दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे एक बार फिर धमाल मचाने को तैयार है। दोनों नई फिल्म संयोग में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म एक अनोखी पारिवारिक कहानी पर आधारित है, जिसमें निरहुआ और आम्रपाली दुबे का अंदाज एकदम चौंका देगा। संयोग की कहानी सात समंदर पार की है, और इसलिए फिल्म में विदेशी सरजमीं बैकग्राउंड में शानदार नजर आ रही है। ट्रेलर की शुरुआत निरहुआ से होती है, जो पत्नी के साथ विदेश जाते हैं। इसके बाद वहां पर उनके साथ क्या कुछ होता है, वह देखना काफी दिलचस्प होगा। ट्रेलर में कई हंसी के पल भी हैं, जो इस ओर इशारा करते हैं कि संयोग में जबरदस्त कॉमेडी भी होने वाली है। संयोग का ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आ रहा है और वो निरहुआ–आम्रपाली दुबे की जोड़ी की तारीफ भी कर रहे हैं। हालांकि कुछ फैंस इस बात से निराश हैं कि अब निरहुआ ऑनस्क्रीन रोमांटिक सीन करने से बच रहे हैं। वो यूट्यूब पर फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद कमेंट भी कर रहे हैं। श्संयोगश को अभय सिन्हा ने प्रोड्यूस किया है और अनंजय रघुराज इसके डायरेक्टर हैं। फिल्म को लेकर अभय सिन्हा ने कहा, हमारा मकसद हमेशा एक स्वास्थ्य मनोरंजन के साथ भोजपुरी सिनेमा के ग्राफ को आगे बढाना रहा है। उसी कड़ी में फिल्म संयोग भी है। फिल्म बेहद शानदार बनी है और इसको सभी लोगों को देखना चाहिए। मेकर्स ने अभी फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस नहीं की है।

## अरिजीत सिंह कैमरे की चकाचौंध से दूर सादगी से भरा जीवन जीते है

क्योंकि तुम ही हो..., केसरिया तेरा इश्क है पिया..., तेरा यार हूं मैं... ऐसे ही ना जाने कितने गाने गा चुके हैं अरिजीत सिंह। बॉलीवुड का वो सिंगर, जिन्हें कभी रिएलिटी शो में ये कहकर नहीं चुना गया कि उनकी आवाज अच्छी नहीं है! और आज उसी आवाज की दुनिया कायल है। आज वो हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के टॉप सिंगर्स में से एक हैं। गानों में दर्द भरना हो या फिर रोमांस, वो हर तरीके का गाना गाने में उस्ताद हैं। वो अपनी मेहनत–मशक्कत के दम पर बुलंदियों तक पहुंचे, लेकिन जिंदगी आज भी सादगी वाली ही जीते हैं। कैमरे की चकाचौंध भरी दुनिया का हिस्सा तो हैं, लेकिन लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करते हैं। जब स्टेज पर होते हैं, तब द अरिजीत सिंह, लेकिन जब अपने घर–मोहल्ले में होते हैं तो हम और आप की तरह आम जिंदगी जीते हैं। ना कोई दिखावा, ना ही लैविश लाइफ और इस पर भी दरियादली ऐसी कि आप उन पर दिल हार बैठें। आम लोगों की तरह मोहल्ले वाला घर है। उनके पास एक छोटी कार है, लेकिन ज्यादातर स्कूटी से ही निकल पड़ते हैं।

## धर्म और सिनेमा पर फहाद फाजिल के बयान ने मचाई सनसनी



साउथ के फेमस एक्टर फहाद फाजिल इन दिनों अपनी हालिया रिलीज मूवी आवेशम को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में उन्हें उनके किरदार के लिए खूब सराहना मिल रही है। फहाद को अल्लू अर्जुन की पुष्पाः द राइज मूवी से हिंदी बेल्ट में भी पहचान मिली। मलयालम, तेलुगू और कन्नड़ सिनेमा में अपने हुनर का परचम लहरा चुके फहाद के बयान ने सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि लाइफ में फिल्में देखने के अलावा और भी बहुत कुछ है। इससे सिनेमा लवर्स की भावनाएं आहत हुई हैं। इसके अलावा उन्होंने मलयालम फिल्मों में धर्म को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी और कहा कि वो दोबारा इसे टच नहीं करेंगे, क्योंकि लोग कड़वा सच नहीं सुनना चाहते हैं। 41 साल के एक्टर ने कहा, केरल में धर्म से निपटने के बारे में मेरा अपनी राय है। अगर मैं कहूं तो मुझे नहीं लगता कि लोग कड़वी सच्चाई सुनना चाहते हैं। वो एंटरटेनमेंट करना चाहते हैं। ट्रांस में एंटरटेनमेंट फैक्टर नहीं था। लेकिन बहुत सारी ऐसी चीजें थीं, जिससे जागरुकता आती, लेकिन यहीं हम असफल रहे। इसलिए केरल में कुछ समय के लिए मैं ध र्म को नहीं छुऊंगा। सिनेमा इससे परे नहीं है। इसकी भी अपनी सीमाएं हैं। आपको लाइफ में फिल्में देखने के अलावा और भी बहुत कुछ करना है।

# ऑस्कर जीत चुकी 22 साल की बिली एलीश ने कही दिल की बात

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*अमेरिकी सिंगर बिली एलीश के नाम से आप जरूर वाकिफ होंगे। महज 22 साल की बिली, दो–दो ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुकी हैं। वह नौ ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकी हैं। उनके नाम दो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स भी है। इस महीने की शुरुआत में बिली एलीश ने कोचेला म्यूजिक वैली फेस्टिवल में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से सबको दीवाना बना दिया। लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा भी हुआ, जिसे देख सब चौंक गए। बिली एलीश ने स्टेज पर यूट्यूबर क्वेनलिन ब्लैकवेल को सरेआम चूम लिया। इसके बाद से ही बिली की सेक्सुएलिटी फैंस के बीच चर्चा का विषय है। बहरहाल, अब सिंगर ने खुद ही यह साफ कर दिया है कि उन्हें लड़के नहीं, बल्कि लिड़कियां पसंद हैं।*

**मुझे लड़कियां पसंद हैं... अब जाकर हुआ एहसास**

बिली एलीश जल्द ही अपना नया गाना लंच रिलीज करने वाली हैं। कोचेला में स्टेज से उन्होंने फैंस को इस गाने का टीजर सुनाया था। हालांकि, गाने के बोल सुनकर ही लोगों ने यह अंदाजा लगाना शुरू कर दिया था कि बिली एलीश को लड़कियां पसंद हैं, क्योंकि वह इस गाने में कहती हैं, मैं उस लड़की को लंच में खा सकती हूं, हां... वह मेरी जीभ पर नाचती है, उसका स्वाद ऐसा है जैसे ये वो ही है, जिससे मेरा दिल कभी नहीं भरेगा।

**बिली एलीश ने सेक्सुएलिटी पर कही दो टूक बात**

जाहिर तौर पर बिली एलीश का यह गाना महिलाओं के साथ प्यार करने की बात करता है। अब रोलिंग स्टोन को दिए नए इंटव्यू में इस पर बात करते हुए वह कहती हैं, यह गाना असल में उस एक चीज का हिस्सा था, जिसने मुझे वह बनाया, जो मैं वाकई हूं। मैंने इसके कुछ बोल हालांकि, तब लिखे थे, जब मैं किसी लड़की के साथ रिश्ते में नहीं थी। मैं जीवनभर लड़कियों से ही प्यार करती रही हूं, लेकिन मैं इसे समझ नहीं पाई। पिछले साल मुझे यह एहसास हुआ कि मैं कौन हूं।



**बिली एलीश ने मास्टरबेशन को बताया खुद की खोज**

बार्बी फिल्म के गाने व्हाट वाज आई मेड फॉर? के लिए ऑस्कर जीतने वाली बिली कहती हैं कि उन्हें लड़कियों के साथ शारीरिक संबंध बनाना बहुत पसंद है। वह हस्तमैथुन को खुद की खोज से जोड़कर देखती हैं। बिली एलीश कहती हैं, जब मैं यह करती हूं तो सही मायने में मैं अपने शरीर के साथ एक गहरा संबंध बनाती हूं। यह मेरे शरीर के लिए मेरा ऐसा प्यार है, जो मैंने पहले कभी महसूस नहीं किया था।

**बीते साल मैगजीन की रिपोर्ट पर भड़कीं थी बिली एलीश**

वैसे, बिली एलीश का यह नया बयान तब आया है, जब पिछले साल उन्होंने सेक्सुएलिटी को लेकर नवंबर 2023 में वेरायटी मैगजीन की रिपोर्ट की जमकर आलोचना की थी। तब उन्होंने कहा था, मैं कभी भी अपनी सेक्सुएलिटी के बारे में बात नहीं करने वाली, ना ही ऐसा कुछ प्लान कर रही हूं। यह बहुत निराशाजनक है कि यह रिपोर्ट आई है। बता दें कि बिली एलीश ने वेरायटी पावर ऑफ वुमन कवर स्टोरी के लिए इंटरव्यू दिया था। सिंगर का कहना है कि उन्होंने मैगजीन से जो बातें की थी, उसे आउट कोट किया गया। यानी उनकी बात को गलत समझा गया।

# एक्ट के दौरान सोफे के पीछे क्यों खड़े होते हैं कपिल शर्मा

*कीकू शारदा बताया कि जब वह कपिल शर्मा पर जोक्स क्रैक करते हैं, तो वह उन्हें किस तरह से लेते हैं। यह भी बताया कि कई लोग उन्हें सलाह देते हैं कि वह अपना खुद का शो लेकर आएं।*




कपिल शर्मा इस वक्त अपने शो के नए सीजन द ग्रेट इंडियन कपिल शो को लेकर चर्चा में हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर शुरू हुए इस शो में कपिल के अलावा कृष्णा अभिषेक, राजीव ठाकुर, सुनील ग्रोवर, अर्चना पूरन सिंह और कीकू शारदा भी हैं। कीकू ने हाल ही श्द ग्रेट इंडियन कपिल शोश के कॉमेडियन कपिल के बारे में बात की। कीकू शारदा ने बताया कि आखिर शो के हर एपिसोड में कपिल शर्मा सोफे के पीछे ही क्यों खड़े होते हैं और वह एपिसोड की तैयारी कैसे करते हैं।

**कीकू शारदा कपिल पर क्रैक करते हैं जोक्स**

कीकू शारदा ने कहा, जब आप मुझे कपिल पर कुछ भद्दे चुटकुले सुनाते हुए देखते हैं, तो उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं होती। वह इन्हें सहजता से लेते हैं। हमारे बीच बहुत ही कंफर्ट वाला रिश्ता है। वह मुझे जानते हैं। हम कई साल से साथ काम कर रहे हैं। मेरे मन में उनके लिए अत्यंत सम्मान है।

**कपिल शर्मा तैयार करते हैं पूरा एपिसोड**

कीकू शारदा ने आगे बताया, कपिल को एक पूरा एपिसोड करना होता है जो एक घंटे या डेढ़ घंटे तक चलता है। इसमें गेस्ट के साथ बातचीत होती है और उसके भीतर भी एक निश्चित रेखा होती है, जिसे आप पार नहीं कर सकते। आपको ह्यूमरस होना है, पर जरूरत पड़ने पर पीछे भी हटने की जरूरत होती है। कपिल ये सब बहुत खूबसूरती से करते हैं। यह कोई आसान काम नहीं है। यह निश्चित रूप से उतना आसान नहीं है, जितना दिखता है।

**इसलिए सोफे के पीछे खड़े होते हैं कपिल शर्मा**

कीकू शारदा ने कपिल शर्मा को एकदम सिक्योर बताया और कहा कि वह एपिसोड में परफॉर्मेंस के दौरान हर कलाकार को पूरा स्पेस देते हैं। कीकू ने यह भी बताया कि अपने एक्ट के दौरान कपिल हमेशा सोफे के पीछे खड़े होते हैं ताकि वह स्टेज पर रूल कर सकें। वह बोले, केवल अत्यधिक सुरक्षा वाला व्यक्ति ही इस तरह का मौका दे सकता है। कपिल जहां हैं, वहां वह बहुत सिक्योर हैं।

# एनीमिया से बचाएंगे ये फूड, खाते ही नसों में दौड़ने लगेगा नया खून



**सहजन की पत्तियां**
सहजन की पत्तियों में आयरन की भरपूर मात्रा के अलावा, विटामिन ए, विटामिन सी, कैल्शियम और मैग्नीशियम की मात्रा भी पाई जाती है, जो रक्त संचार को बढ़ाने के साथ हीमोग्लोबिन के निर्माण में भी मदद करते हैं।

*शरीर में खून की कमी को एनीमिया कहते हैं और यह बीमारी अपने साथ कई और भी बीमारियों के होने का खतरा बढ़ा देती है। एनीमिया रोग तब होता है, जब हमारे शरीर में फहलिक एसिड, आयरन और विटामिन बी 12 की कमी होने लगती है। जिसके कारण रेड ब्लड सेल्स की संख्या में कमी आने लगती और शरीर में खून की कमी हो जाती है।*

हमारे खून में रेड ब्लड सेल्स मौजूद होते हैं, जो कोशिकाओं तक ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करते हैं। उनमें कमी होने पर एनीमिया का खतरा बढ़ जाता है। एनीमिया के लक्षणों में थकान, चक्कर आना, सांस लेने में तकलीफ और त्वचा का पीलापन शामिल हैं। आइज, जानते हैं इसके इलाज के लिए कुछ घरेलू उपचारों के बारे में।

**चुकंदरः** अगर आप एनीमिया के मरीज हैं या आपको अक्सर बहुत कमजोरी महसूस होती है, तो आप चुकंदर का जूस पिएं। चुकंदर, आयरन के अच्छे स्रोतों में से एक है और इसका सेवन एनीमिया के मरीजों के लिए फायदेमंद है। इसमे फोलेट, विटामिन सी, पोटेशियम, मैग्नीशियम, और फाइबर भी पाया जाता है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

ikyd% एनीमिया के मरीजों को अपनी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियां खासतौर पर शामिल करनी चाहिए, खासतौर पर पालक। पालक अच्छा आयरन का स्रोत है, जो हीमोग्लोबिन के निर्माण में मदद करता है। यह रक्त में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है और इसमें मौजूद विटामिन जैसे पोषक तत्व आपकी इम्यूनिटी का बूस्ट करते हैं।

**खजूर** : खजूर में आयरन, फाइबर, पोटैशियम और विटामिन पाए जाते हैं। ये सभी न्यूट्रिएंट्स शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इसमें मौजूद शरीर में खून की कमी नहीं होने देती है। खजूर का सेवन करने से आपका हीमोग्लोबिन स्तर बढ़ सकता है।

**मछलीः** मछली में आयरन की सबसे ज्यादा मात्रा पाई जाती है। अगर आप आयरन की कमी को दूर करने के साथ स्वस्थ रहना चाहते हैं, तो मछली का सेवन आपके लिए फायदेमंद है। मछली में आयरन के साथ–साथ ओमेगा–3 फैटी एसिड्स भी पाए जाते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हैं।



## घर छोड़ने से पहले पीएं 2 चीज, नहीं होंगे बेहोश

तापमान तेजी से बढ़ रहा है और ऐसी गर्मी में चुनावी रैली करना बिल्कुल आसान नहीं है। इस वजह से एक रैली के दौरान भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की तबीयत बिगड़ गई। वो मंच पर बेहोश हो गए थे, मगर अब बिल्कुल स्वस्थ और बेहतर हैं। नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके बताया कि अब उनकी तबीयत पूरी तरह स्वस्थ है। रैली के दौरान गर्मी की वजह से असहज महसूस हुआ था। लेकिन क्या आप जानते हैं कि गर्मी में बेहोशी की स्थिति से बचा जा सकता है। इसके लिए आप कुछ चीजें पीकर ही दिन में घर छोड़ें। शरीर में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक हो सकता है। पानी की कमी सिर्फ कम पानी पीने से नहीं होती, बल्कि ज्यादा पसीना, उल्टी और पेशाब के कारण भी हो सकती है। डिहाइड्रेशन की वजह से बेहोशी, चक्कर आना, सिर घूमना, मुंह सूखना, तेज धड़कन आदि हो सकती है। इससे बचने के लिए दिन में घर से निकलने से पहले सत्तू का शरबत या नींबू पानी जरूर पीएं।
गर्मियों में मसालेदार या मीठा सत्तू का शरबत पीकर तबीयत ठीक रखी जा सकती है। यह ना सिर्फ शरीर को ठंडा रखता है बल्कि फाइबर, इलेक्ट्रोलाइट्स, प्रोटीन देने का भी काम करता है। इसे बनाते हुए काला नमक, नींबू आदि जरूर डालें। अगर आपके पास वक्त की कमी है और सत्तू नहीं बना सकते। तो एक गिलास पानी में नींबू रस, काला नमक और हल्की चीनी घोलकर पी जाएं।

## ये चीजें खाने से मरने लगते हैं पेट के गंदे बैक्टीरिया

अगर आपको शरीर में होने वाली तमाम बीमारियों से बचना है तो आपको अपने गट हेल्थ पर खास ध्यान देना होगा। खासतौर पर पेट की बीमारियों से बचने के लिए आपको ये करना होगा। हेल्दी गट न केवल डायजेशन के लिए मददगार है, बल्कि यह शरीर के लगभग सभी हिस्से के लिए जरूरी है। इसमें होने वाली गड़बड़ी शरीर के कई हिस्सों को प्रभावित कर सकती है। गट हेल्थ में माइक्रोब्स की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है।
माइक्रो–बायोम में गुड और बैड दोनों तरह के माइक्रोब्स पाए जाते हैं। गुड माइक्रोब्स जैसे कि प्रोबायोटिक्स और सेल्यूलर माइक्रोब्स, जो गट हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं। जबकि बैड माइक्रोब्स जैसे कि पैथोजेनिक बैक्टीरिया, जो गट हेल्थ को बिगाड़ सकते हैं। बैड माइक्रोब्स की बढ़ती संख्या आपके गट हेल्थ को खराब कर सकती है। यहां हम कुछ ऐसे फूड्स के बारे में जानेंगे, जो आपकी गुड गट हेल्थ में मदद करेंगे। अदरक का सेवन आपकी गट हेल्थ के लिए अच्छा है। इसमें एंटी-इंफ्लामेटरी गुण होते हैं, जो खाने को आसानी से पचाने के साथ गट को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं।

## गर्मी में लिवर के लिए ताड़गोला बहुत ज्यादा फायदेमंद



लिवर की बीमारी काफी आम हो गई हैं। सबसे ज्यादा फैटी लिवर की समस्या बढ़ रही है। इसे नजरअंदाज करने से लिवर डैमेज, सिरोसिस और कैंसर हो सकता है। जब लिवर की सेल्स में फैट भरने लगता है तो फैटी लिवर डिजीज होती है। भारत में मिलने वाला एक फल खाने से इसका इलाज हो सकता है। मगर इसे खाने में बिल्कुल भी देरी ना करें, क्योंकि न्यूट्रिशनिस्ट श्वेता शाह पांचाल के मुताबिक इसका सीजन केवल 2 महीने ही रहता है। इसे ताड़गोला या आइस एप्पल कहा जाता है जो ताड़ के पेड़ पर होता है। ताड़गोला आपके लिवर के लिए बहुत अच्छा है। अगर आपको फैटी लिवर या कोई और बीमारी है तो यह उसे ठीक करने में मदद करता है। इसके पीछे पोटैशियम होता है जो लिवर की सफाई करने में मदद करता है और फैटी लिवर से बचाता है। अगर आप कम उम्र में दिख रहे बुढ़ापे के लक्षणों से परेशान हैं तो आइस एप्पल जरूर खाएं। ताड़गोला के अंदर एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटी इंफ्लामेटरी प्रॉपर्टीज होती हैं। जो फ्री रेडिकल से लड़कर उसे खत्म करते हैं। यह एजिंग का सबसे पहला और बड़ा कारण है। अगर आप वेट लॉस फूड्स ढूंढ रहे हैं तो इसे जरूर खाएं। यह एक लो कैलोरी फ्रूट है।

# शरीर के अंदर ढूंढ ढूंढकर बीमारियां खत्म करता है कच्चा लहसुन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*खाने में स्वाद बढ़ाने वाला लहसुन एक आयुर्वेदिक औषधि के रूप में भी जाना जाता है। आयुर्वेद में इसके कई चमत्कारी गुण भी देखे गए हैं। लहसुन एलिसिन नामक एक यौगिक पाया जाता है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए कई प्रकार से फायदेमंद है। यह कई बीमारियों के खतरे को भी कम करता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार लहसुन का उपयोग डायबिटीज, हाई कोलेस्ट्रॉल, हाई ब्लड प्रेशर और कई हार्ट डिजीज के रिस्क को भी कम करता है। अगर आप रोजाना लहसुन का सेवन करते हैं तो कई गंभीर बीमारियों का रिस्क भी आपमें कम हो जाता है। सुबह खाली पेट कच्चे लहसुन का सेवन पेट के लिए भी लाभकारी माना जाता है। आइए, जानते हैं यहां लहसुन के हेल्थ बेनेफिट्स के बारे में।*

**हेल्दी स्किन के लिए**
लहसुन में विटामिन सी, विटामिन बी, मैग्नीशियम और विटामिन बी1 जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो आपकी त्वचा को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं। यह सभी पोषण तत्व त्वचा के लिए जरूरी है।

**हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है**
लहसुन में मौजूद एलिसिन तत्व, जो एक फाइटोकेमिकल है, यह हृदय रोग के खतरे को कम करने में सहायक होता है। लहसुन



आपके शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को भी कंट्रोल करने में मदद करता है।

**आंखों की स्वास्थ्य के लिए अच्छा है**
लहसुन में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आंखों के रोगों को रोकने में मदद कर सकते हैं, जैसे कि कैटरैक्ट और मकुलर डीज। लहसुन में मौजूद प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट्स, जैसे कि सल्फर, सेलेनियम और विटामिन सी और विटामिन ई, आंखों की सुरक्षा करने में सहायक हैं।

**संक्रमण से लड़ने की क्षमता है**
लहसुन में एंटी–वायरल, एंटी–बैक्टीरियल एंटी–वायरल और एंटी–फंगल प्रॉटीज होती हैं। इसलिए इसके सेवन कई गंभीर इंफेक्शन के खतरे को भी कम करता है या संक्रमण के उपचार में भी सहायक होता है।

**इम्यून सिस्टम के लिए अच्छा है**
लहसुन के सेवन से आपकी इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है। लहसुन में एलिसिन नामक एक कॉम्पाउंड होता है, जो आपकी इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने में मदद करता है। यह गुण अनेक फायदों के लिए जाना जाता है, जैसे कि इन्फेक्शन से लड़ने की क्षमता को बढ़ाता है और कई बीमारियों के खतरे को कम करता है।



काफी कुछ सीखने को मिला

## दो कप्तानों को बहुत मानते हैं शुभमन गिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल का कहना है कि वह टी–20 क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने से बड़ा कुछ नहीं है, लेकिन अभी मैं चयन के बारे में नहीं सोच रहा हूं। शुभमन ने कहा कि उनका पूरा ध्यान अभी आईपीएल में अपनी टीम को प्लेऑफ में पहुंचाने पर है और वह अपनी कप्तानी का आनंद ले रहे हैं। गिल ने कहा कप्तान के रूप में अब तक का अनुभव बहुत अच्छा रहा है। मैं अपनी भूमिका का आनंद ले रहा हूं क्योंकि मुझे नहीं पता कि कितने ऐसे खिलाड़ी होंगे, जिन्हें ऐसी टीम की कप्तानी मिली होगी जो अपने शुरुआती दो सालों में दो आईपीएल फाइनल खेली है। मुझे काफी कुछ सीखने को मिला अपने बारे में क्योंकि जब आप एक खिलाड़ी के रूप में खेलते हो तो आप व्यक्तिगत प्रदर्शन पर ज्यादा ध्यान देते हैं कि कैसे अपनी बल्लेबाजी या क्षेत्ररक्षण से टीम के लिए योगदान दे सकें। लेकिन एक कप्तान के रूप में आपकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। दो कप्तान हैं, जिनसे मैं काफी प्रेरित हुआ हूं। एक महेंद्र सिंह धोनी और दूसरे रिकी पोंटिंग। माही भाई ने भारतीय टीम के साथ जो हासिल किया, उसका मैं बहुत सम्मान करता हूं। सचिन सर, क्योंकि अगर वह क्रिकेट नहीं खेलते तो मुझे नहीं लगता कि मैं भी क्रिकेट खेल रहा होता। ये कहना बड़ा आसान है कि उनकी टीम में ब्रेट ली, मैक्ग्रा, शेन वॉर्न और एडम गिलक्रिस्ट जैसे खिलाड़ी थे, लेकिन इन खिलाड़ियों को बनाने में उनका बहुत बड़ा हाथ था। मुझे याद है कि 2007 विश्व कप से पहले उनसे किसी ने पूछा था कि आपकी टीम में ज्यादा खिलाड़ी 35 वर्ष के हैं और आप इस बार दावेदार नहीं हैं। इस पर पोंटिंग ने कहा था कि ये प्रश्न आप तब पूछना जब हम ट्रॉफी जीतेंगे। उन्होंने ट्राफी जीती और फिर उस पत्रकार को बुलाया और वही प्रश्न पूछने को कहा। पोंटिंग का आत्मविश्वास गजब का था।

# आरसीबी के पास अब भी प्लेऑफ में पहुंचने का मौका

**क्रिकेट**

## आरसीबी ने एसआरएच को 41वें मैच में 35 रन से मात दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2024 के 41वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रन से मात दी। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 206 रन बनाए। जवाब में एसआरएच की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 171 रन बना सकी।

आरसीबी की यह टूर्नामेंट में दूसरी जीत रही। उल्लेखनीय है कि आरसीबी ने मौजूदा सीजन में ठीक एक महीने बाद अपनी दूसरी जीत दर्ज की। वैसे, यह जीत आरसीबी के लिए विश्वास भरने वाली रही क्योंकि उसके प्लेऑफ में पहुंचने के दरवाजे अभी बंद नहीं हुए हैं। फाफ डू प्लेसी के नेतृत्व वाली आरसीबी को अगर प्लेऑफ में



पहुंचना है तो उन्हें इन समीकरणों का ध्यान रखना पड़ेगा।

इसमें कोई शक नहीं कि आरसीबी को अपने शेष सभी मुकाबले जीतने होंगे। आरसीबी के 5 मैच बचे हुए हैं। अगर वो सभी मुकाबले जीतेगी तो उसके 14 अंक हो जाएंगे। अगर नतीजे उनके पक्ष में रहे तो आरसीबी चौथे स्थान पर रहते हुए प्लेऑफ में क्वालीफाई कर सकती है। तब उन्हें नेट रन रेट परेशान नहीं करेगा।

अगर ऐसा दृश्य चाहिए तो आरसीबी को जरुरत होगी कि शीर्ष तीन टीमें मजबूत अंकों के साथ लीग चरण अभियान का समापन करें। आरसीबी को उम्मीद होगी कि शीर्ष–3 टीमें 22, 22/20, 22/20 अंक के साथ लीग चरण का समापन करें। इस समय प्वाइंट्स टेबल में टॉप–3 पर राजस्थान रॉयल्स, कोलकाता नाइटराइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद हैं। आरसीबी को अपने बचे हुए मैचों में इन तीनों टीमों का सामना नहीं करना है तो इसका मतलब है कि शेष टीमों के 12 अंक या फिर कम हो।

अगर ये अनुमान सही निकलता है तो आरसीबी की टीम इतिहास रच देगी। आरसीबी 10 टीमों के आने के बाद टूर्नामेंट के इतिहास में पहली टीम बनेगी, जो 14 अंकों के साथ प्लेऑफ में क्वालीफाई करेगी।

# राहुल द्रविड़ हाफ पैंट और टीशर्ट में वोट डालने के लिए लाइन में लगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

- सादगी ने लोगों का दिल जीत लिया
- क्रिकेटर की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर हो गइ वायरल

नई दिल्ली। दिग्गज क्रिकेटर और फिलहाल भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने आज बेंगलुरु के डॉलर्स कॉलोनी में अपना वोट डाला। वह कैजुअल कपड़े पहनकर पहुंचे थे, जबकि वोट डालने के लिए कतार में खड़े नजर आए। उनकी सादगी ने लोगों का दिल जीत लिया और क्रिकेटर की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। एक एक्स यूजर ने ऐसा ही एक वीडियो शेयर किया है। उसने लिखा– वोटिंग लाइन में द वॉल, उनका कहना है कि उन्होंने राष्ट्रहित और भारत को वैश्विक नेता बनाने के लिए मतदान किया।

वीडियो में द्रविड़ नीली टी–शर्ट और शॉर्ट्स पहने हुए हैं। वह अपनी बारी का इंतजार करते हुए हाथों को क्रॉस करके खड़े हैं। कुछ घंटे पहले शेयर किए जाने के बाद से इस वीडियो को करीब लाख बार से अधिक देखा जा चुका है। इस पोस्ट पर कॉमेंट्स काफी रोचक हैं।

राहुल द्रविड़ की क्लिप पर एक्स यूजर्स ने इस तरह प्रतिक्रिया दीरू एक एक्स यूजर ने पोस्ट किया, वह सर्वश्रेष्ठ हैं। एक अन्य ने कहा, यही असली धन है। उसके पास अपना स्थान है। तीसरे ने कहा, मैं उन्हें जानता हूं। वह बहुत विनम्र व्यक्ति हैं। चौथे ने टिप्पणी की, सादगी का साकार रूप। एक अन्य ने कॉमेंट किया– वाह, यह कमाल है! ऐसे ऊंचे पद पर बैठे किसी व्यक्ति को वास्तविक और व्यावहारिक रूप से व्यवहार करते देखना बहुत अच्छा लगता है। सादगी वाकई सबसे बढ़िया वाइब्स का एहसास कराती है।

वोट डालने पर राहुल द्रविड़ ने कहा– मतदान सुचारू रूप से हुआ और प्रक्रिया बहुत आसान थी। हमारे लोकतंत्र को आगे ले जाना महत्वपूर्ण है और मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि वे बाहर निकलें और मतदान करें। उन्होंने कहा– मुझे से बार बेंगलुरु में बड़ी संख्या में मतदान की उम्मीद है। बहुत से मतदाता पहली बार मतदान करने जा रहे हैं और सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। अगर युवा लड़के और लड़कियां मतदान करने आएं तो यह बहुत अच्छा होगा।

## टी20 वर्ल्ड कप के लिए हो सकती है भारतीय टीम की घोषणा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी–20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा जल्द की जा सकती है। आईसीसी ने टीम चुनने के लिए एक मई की समयसीमा दी है, इसलिए बीसीसीआई इस सप्ताह के अंत में या फिर अगले सप्ताह की शुरुआत में टीम की घोषणा कर सकता है। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की खराब फॉर्म चिंता का सबब बनी हुई है, जबकि दूसरे विकेटकीपर के लिए संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं। चयनकर्ता जब टीम चयन करने के लिए बैठेंगे तो उनके सामने एक अतिरिक्त गेंदबाज चुनने की भी दुविधा होगी। अब ये देखना होगा कि वह तेज गेंदबाज आवेश खान को चुनते हैं या फिर धीमी पिचों को देखते हुए रवि बिश्नोई या ऑलराउंडर अक्षर पटेल में किसी एक को अवसर देते हैं। हालांकि अभी हार्दिक का कोई विकल्प नजर नहीं आ रहा है क्योंकि शिवम दुबे ने अभी तक एक भी ओवर गेंदबाजी नहीं की है।

### न्यूज डायरी



## टी20 वर्ल्ड कप के लिए संजय मांजरेकर ने चुनी अजीबोगरीब टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के ठीक बाद टी20 वर्ल्ड कप होना है। इस टूर्नामेंट के लिए इसी महीने भारतीय टीम का ऐलान होना वाला है। उससे पहले क्रिकेट एक्सपर्ट्स अपनी 15 सदस्यीय भारतीय टीम चुन रहे हैं। इसी क्रम में कमेंटेटर और पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने अपनी टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम चुनी है। इस टीम में उन्होंने ना तो विराट कोहली को जगह दी है और ना ही हार्दिक पंड्या और रिंकू सिंह को। उनकी टीम में शिवम दुबे, शुभमन गिल, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल जैसे नाम भी नहीं हैं। संजय मांजरेकर की 15 सदस्यीय टीम मे 7 प्रमुख गेंदबाज हैं। इसमें 5 पेसर और दो स्पिनर हैं। तेज गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के अलावा आवेश खान, हर्षित राणा और मयंक यादव का नाम शामिल है। मयंक और हर्षित ने अभी तक इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेला है। स्पिनर गेंदबाजों में उन्होंने कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को शामिल किया है। इन दोनों ने अभी तक भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप में कोई मैच नहीं खेला है। संजय मांगरेकर ने यहीं चौंकाना नहीं छोड़ा। उन्होंने अपनी टीम में दो ऑलराउंडर को शामिल किया है। इसमें रविंद्र जडेजा के अलावा क्रुणाल पंड्या का नाम है। बाएं हाथ के स्पिनर क्रुणाल ने भारत के लिए आखिरी मैच 2021 में खेला था।

## न्यूजीलैंड की दूसरे दर्जे की टीम के सामने पाकिस्तान चारों खाने चित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टिम रोबिंसन (51) और विलियम ओ रुड़की (3 विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने चौथे टी20 इंटरनेशनल मैच में पाकिस्तान को 4 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने पांच टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज में 2–1 की अजेय बढ़त बनाई। बता दें कि लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। मेहमान टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 178 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 174 रन बना सकी। दोनों टीमों के बीच सीरीज का आखिरी मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा। 179 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। ओ रुड़की ने पाक कप्तान बाबर आजम (5) को फॉक्सक्राफ्ट के हाथों कैच आउट कराया। जल्द ही रुड़की ने दूसरे ओपनर सैम अय्यूब (20) को पवेलियन की राह दिखाई। बेन सियर्स ने उस्मान खान (16) को डफी के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान को तीसरा झटका दिया। यहां से फखर जमान (61) ने शादाब खान (7) के साथ पारी संवारने का प्रयास किया। दोनों ने 33 रन की साझेदारी की थी कि तभी ब्रेसवेल ने शादाब को नीशम के हाथों कैच आउट करा दिया।

## क्रिकेट के दादा ने सुनाई बचपन की कहानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सौरव गांगुली एक ऐसा नाम जिनकी पहचान भारत के सबसे सफल कप्तानों में की जाती हैं। गांगुली जब भी मैदान पर बल्ले के साथ उतरते थे तो विरोधी टीम के गेंदबाजों की सिट्टी–पिट्टी गुल हो जाती थी। उन्होंने अपने करियर की आगाज भी बेहतरीन शतक के साथ की थी और जब उन्हें कप्तानी मिली तो देश को जीतने की उन्होंने आदत–सी डाल दी। आज पूरी दुनिया गांगुली को दादा के नाम से जानती और पहचानती हैं। दादा की कप्तानी में भारत ने कई ऊंचाइयों को हासिल किया। उनकी कप्तानी में ही भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपना डेब्यू किया था। इतना ही नहीं, गांगुली बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं और मौजूदा समय में वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की टीम के डायरेक्टर हैं। हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित हुए डीपी वर्ल्ड के बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल के लॉन्च इवेंट में दिल्ली कैपिटल्स के डायरेक्टर सौरव गांगुली ने अपने पहले बैट को लेकर एक किस्सा शेयर किया। दरअसल, जब भी बात क्रिकेट के खेल की होती है, तो सबसे पहले हर किसी के दिमाग में बैट और बॉल की तस्वीर बन जाती है, क्योंकि बिना इन दोनों के ये खेल बिल्कुल अधूरा है। जैसे–जैसे समय बदल रहा है, चीजों में परिवर्तन भी देखने को मिल रहा है। पहले बैट साधारण से हुआ करते थे, लेकिन अब काफी एडवांस बैट देखने को मिलते हैं।

पेज थ्री देहरादून

परमार्थ निकेतन में दो दिवसीय बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) प्रशिक्षण का शुभारम्भ।





हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### भंडारे में शामिल हुए सीएम समेत कई भाजपा नेता

**संवाददाता** देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी की ओर से मणिमाई मंदिर लच्छीवाला में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, वित्त मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार, उपाध्यक्ष पुनीत मित्तल, राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी, कैलाश पंत, विनय रोहिला, सांसद अजय टम्टा, विधायक खजान दास, विधायक सविता कपूर, महिला मोर्चा अध्यक्ष आशा नौटियाल, भाजयुमो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, पूर्व मेयर सुनील उनियाल गामा, आदित्य कोठरी, आदित्य चौहान भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री धामी ने मणि माई मंदिर में मत्था टेका और माता का आशीर्वाद लिया और प्रसाद भी ग्रहण किया।

### उत्तरांचल विवि स्टार्टअप व शोध के लिए छात्रों को करेगा प्रेरित

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल विश्वविद्यालय ने उत्तराखंड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) के सहयोग से स्टार्टअप और नवाचार पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कुलाधिपति जितेंद्र जोशी ने छात्रों से इनोवेशन और स्टार्टअप के लिए काम करने को कहा। कुलपति प्रो. धर्म बुद्धि ने स्टार्टअप से जुड़ी चुनौतियों और उनसे निपटने पर जोर दिया। विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने स्टार्टअप के लिए आईपीआर की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान विवि के छात्र देवेन्द्र सिंह, रजत बालायन और संकल्प रेड्डी को वर्ष 2024 में अपने इनोवेटिव स्टार्टअप शुरू करने के लिए सम्मानित भी किया गया।

### राज्य आंदोलनकारियों को हाउस टैक्स में छूट दे नगर निगम

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने शुक्रवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार से मुलाकात कर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को हाउस टैक्स में छूट देने की मांग उठाई। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि नगर निगम की बोर्ड बैठक में करीब चार माह पहले राज्य आंदोलनकारियों को छूट देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टीग्लॉस किया पेश

**संवाददाता** देहरादून। ग्राहक सबसे पहले के अपने दर्शन के अनुरूप, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड ने अपने क्रांतिकारी कार केयर ब्रांड टीग्लॉस की पेशकश की घोषणा की है। यह कार डिटेलिंग की दुनिया में ब्रांड के प्रवेश का मौका है। भारत में कार ग्राहकों के बीच उच्च गुणवत्ता और विश्वसनीय कार विवरण सेवाओं की बढ़ती मांग के जवाब मे टीकेएम कार देखभाल उद्योग को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। इसकी शुरुआत विशेष रूप से टोयोटा वाहनों के लिए तैयार किए गए समाधानों की व्यापक श्रृंखला के साथ हो रही है।

# चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं: मुख्यमंत्री

**निर्देश**

■ विभागीय सचिव यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करें

■ मुख्य सचिव प्रत्येक सप्ताह चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की करेंगी बैठक



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों की बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले यात्रा मार्गों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। चारधाम यात्रा से जुड़े सभी विभागों के सचिव यात्रा मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा की सभी तैयारियों को लेकर साप्ताहिक समीक्षा बैठक की जाए। चारधाम यात्रा में यातायात प्रबंधन और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डीजीपी को भी चारधाम यात्रा से पूर्व स्थलीय निरीक्षण के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए चारधाम यात्रा मार्ग पर जगह–जगह प्राइवेट हेल्थकेयर टेस्टिंग किट की व्यवस्था की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा देश–दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि देवभूमि उत्तराखण्ड का अच्छा संदेश देश और दुनिया तक जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि यात्रा मार्गों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। प्लास्टिक और कूड़ा प्रबंधन के लिए चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारियों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा धनराशि उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा मार्गों पर विद्युत, पेयजल और सड़कों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यात्रा मार्गों पर जगह–जगह बने शौचालयों को दुरस्त किया जाए एवं महिलाओं के लिए पृथक शौचालय की व्यवस्था की जाए। चारधाम यात्रा से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी शालीनता एवं सहनशीलता का परिचय दें, यह सुनिश्चित किया जाए कि श्रद्धालुओं के साथ अभद्रता न हो। यात्रा ड्यूटी में तैनात सुरक्षाकर्मी अलर्ट मोड पर रहें। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक छह घंटे के बाद सुरक्षा में तैनात कर्मियों को आराम दिया जाए। यात्रा में आने वाले वाहन चालकों के रहने और सोने की उचित व्यवस्था की जाए। यह भी प्रयास हो कि चारधाम यात्रा में जाने वाले वाहनों में दो–दो वाहन चालकों की व्यवस्था हो। वाहनों की फिटनेस का विशेष ध्यान रखा जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा के कुशल प्रबंधन के लिए सभी विभाग अलर्ट मोड पर रहें। श्रद्धालुओं को मौसम से संबंधित जानकारी, यातायात प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी समय पर प्राप्त हो, इसके लिए श्रद्धालुओं को आवश्यक सूचनाएं ससमय प्राप्त हो इसके लिए सोशल मीडिया का बेहतर प्रयोग किया जाए। होटल, गेस्ट हाउस एवं होम स्टे में चारधाम यात्रा संबंधित निर्देशिका विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

सीएम ने कहा कि राज्य में इस समय चारधाम यात्रा के साथ ही वनाग्नि को रोकना महत्वपूर्ण विषय है। वनाग्नि की रोकथाम के लिए वन विभाग के अलावा अन्य विभाग भी अलर्ट मोड पर रहें।

### घोड़े और खच्चर चालकों का किया जायेगा वेरिफिकेशन

चारधाम यात्रा के लिए घोड़ा और खच्चर चालकों का वेरिफिकेशन कराया जाए। तथा सभी का पुलिस और आपराधिक रिकॉर्ड चेक कर लिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जो भी घोड़े और खच्चर चारधाम यात्रा में लगाये जाएं उनका स्वास्थ्य परीक्षण के बाद ही पंजीकरण किया जाए। घोड़े और खच्चरों के लिए गर्म पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाय।

# हीट वेव को लेकर एहतियात बरतने की सलाह

**कार्यशाला**

■ उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से कार्यशाला का आयोजन

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) की ओर से शुक्रवार को हीट वेव की तैयारियों के संबंध में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में हीट वेव से बचाव को लेकर जरूरी दिशा–निर्देश दिए गए। इस कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया।

कार्यशाला में मौसम केंद्र के वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने हीट वेव के विभिन्न चरणों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अगर मैदानी क्षेत्रों में चालीस डिग्री तथा पहाड़ी क्षेत्रों में तीस डिग्री तक तापमान पहुंच जाता है, तब हीट वेव की परिस्थितियां उत्पन्न होने की संभावना बनती हैं। अगर किन्हीं दो जगहों का तापमान लगातार दो दिन सामान्य से साढ़े चार से साढ़े छह डिग्री ऊपर, मैदानों में चालीस डिग्री से ऊपर तथा पहाड़ों में तीस डिग्री से ऊपर रहना अनिवार्यद्ध चला जाए तो हीट वेव मानी जाती है।

उन्होंने बताया कि गर्म हवा की एक स्थान पर लंबे समय तक मौजूदगी, ऊपरी वायुमंडल में नमी की कमी तथा साफ आसमान हो तो हीट वेव के हालात उत्पन्न होने की संभावना रहती है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में मई के अंतिम सप्ताह तथा जून प्रथम सप्ताह में तापमान सबसे ज्यादा रहता है।

यूएसडीएमए की मौसम विशेषज्ञ डॉ. पूजा राणा ने बताया कि भारत सरकार ने हीट वेव को वर्ष 2019 में प्राकृतिक आपदा घोषित किया है। उन्होंने कहा कि गर्मी से बचने के लिए मौसम विभाग के एलर्ट को सुनना और दिशा–निर्देशों का पालन किया जाना जरूरी है।

### गर्मी से बचना जरूरी, करें यह उपाय

स्वास्थ्य विभाग से डॉ. सुजाता ने अत्यधिक गर्मी से बचने के उपायों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गर्मी जानलेवा भी हो सकती है, इसलिए एहतियात बरतना बहुत जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी लगने से व्यक्ति में अत्यधिक थकान, कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, जी मिचलाना, शरीर में ऐंठन, तेज धड़कन, भ्रम की स्थिति आदि लक्षण दिखने लगते हैं। इसके लिए जरूरी है कि खूब पानी पीएं, प्यास न लगी हो तब भी पानी पीते रहें। गर्मी का सबसे ज्यादा असर गर्भवती महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों पर पड़ता है, इसलिए एहतियात जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक घर से बाहर जाने से बचना चाहिए, साथ ही महिलाओं को इस समय खाना बनाने से परहेज करना चाहिए।

### प्रदेश में बिजली दरों में करीब सात प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में बिजली दरों में करीब सात प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। नियामक आयोग ने आज नई दरें जारी की। बीपीएल के 4.5 लाख उपभोक्ताओं, स्नो बाउंड उपभोक्ताओं और फिक्स्ड चार्ज में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को 100 यूनिट तक बिजली खर्च करने पर 25 पैसे, 101 से 200 यूनिट पर 30 पैसा, 201 से 400 यूनिट तक 40 पैसा प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष एमएल प्रसाद ने बताया कि सोलर वाटर हीटर में छूट 75 रुपये प्रति 50 लीटर रखी गई है। प्रदेश में बिजली के दामों में 8 से 11 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही थी। यूपीसीएल ने 23 से 27 प्रतिशत बढ़ोतरी मांग की थी, जिसके सापेक्ष नियामक आयोग उपभोक्ताओं की जरूरत के हिसाब से अपना फैसला लेने की बात कही थी।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News

Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।